फा.1/6(4)/2023-भ.-IV

संघ लोक सेवा आयोग

भर्ती IV अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| पद का नाम | भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, संस्कृति मंत्रालय में प्रधान पुस्तकालयाध्यक्ष के पद की एक (01-अना.) रिक्ति। | |
| विज्ञापन संख्या | 09/2023 | |
| रिक्ति संख्या | 23050903413 | |
| लघुसूचीबद्ध करने के लिए अपनाए गए मानदंड | अनारक्षित | अ.यो. (क)+अ.यो.(ख) |
| | ईडब्ल्यूएस | - |
| | अ.पि.व. | - |
| | अ.जा. | - |
| | अ.ज.जा. | - |
| | पीडब्ल्यूबीडी | - |
| लघुसूचीबद्ध किए गए उम्मीदवारों के अनुक्रमांक | अनुक्रमांक | 14, 27, 30 & 36. (04 उम्मीदवार) |
| कम पाए गए दस्तावेज प्रस्तुत करने के अध्यधीन अनंतिम रूप से लघुसूचीबद्ध किए गए | अनुक्रमांक | 08* & 29*. (02 उम्मीदवार) |

** यदि उम्मीदवार निर्धारित तारीख से पहले अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो उसका आवेदन "अपूर्ण" श्रेणी के तहत अस्वीकृत कर दिया जाएगा।*

: अस्वीकृत :

| लघुसूचीबद्ध नहीं किए गए उम्मीदवारों के अनुक्रमांक | अस्वीकृत श्रेणी | अनुक्रमांक |
|---|---|---|
| | एलईक्यू-क | 02, 05, 06, 22, 32, 34 & 40. (07 उम्मीदवार) |
| | एलईक्यू-ख | 01, 03, 10, 13, 15, 16, 20, 24, 26, 31, 37 & 39. (12 उम्मीदवार) |
| | :अपूर्ण: | |
| | अनुभव प्रमाण-पत्र नहीं | 07, 09, 11, 19, 33, 35, 38 & 41. (08 उम्मीदवार) |
| | अनुभव प्रमाण-पत्र अपूर्ण | 04, 21, 23, 25 (04 उम्मीदवार) |
| | अपूर्ण-अन्य | 12. (01 उम्मीदवार) |
| | अनुभव प्रमाण-पत्र में कार्यों का स्वरूप नहीं | 17 & 18. (02 उम्मीदवार) |
| | अनुभव प्रमाण-पत्र दावे से मेल नहीं खाता | 28. (01 उम्मीदवार) |

अजय 30/04/2024

30/04/2024

**<u>महत्वपूर्ण अनुदेश:</u>**

वे उम्मीदवार जो इस पद के साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु लघुसूचीबद्ध करने के लिए अपनाए गए मानदंडों और मापदंडों के अनुसार अपने आवेदन अस्वीकृत होने के कारण अभ्यावेदन करने के इच्छुक हैं, वे **दिनांक 10.05.2024** तक उचित आधारों/कारणों के साथ अभ्यावेदन **sort4.upsc@nic.in** पर प्रस्तुत कर सकते हैं। इस तारीख के पश्चात प्राप्त मेल खोली नहीं जाएंगी। सभी अभ्यावेदनों की जांच की जाएगी और यदि किसी भी मामले में, उनमें दर्शाए गए आधारों/कारणों, अपनाए गए मानदंडों एवं मापदंडों के अनुसार सही पाए जाते हैं तो ऐसे आवेदनों को लघुसूचीबद्ध किया जाएगा और अन्य को अस्वीकृत रखा जाएगा। हालांकि, ऑन-लाइन भर्ती आवेदन में दावा किए गए आयु, श्रेणी, योग्यता, अनुभव और वांछनीय अनुभव के संदर्भ में ही उसकी जांच की जाएगी। यदि इसमें कोई परिवर्तन पाया जात है तो इसके पश्चात, संशोधित और अद्यतित संवीक्षा विवरण इसके स्थान पर अपलोड की जाएगी। इन ई-मेल में से किसी भी ई-मेल का व्यक्तिगत रूप से कोई जवाब नहीं दिया जाएगा।

| | |
|---|---|
| **अपनाए गए मानदंड** | (i) संवीक्षा, पहले उम्मीदवारों द्वारा उनके ऑन-लाइन भर्ती आवेदन (ओआरए) में दी गई जानकारी/किए गए दावे के अनुसार कंप्यूटर प्रणाली द्वारा जनरेट की गई रिपोर्ट के आधार पर और तत्पश्चात केवल उन्हीं उम्मीदवारों, जो प्रथम दृष्ट्या ऑन-लाइन आवेदन में दी गई जानकारी/किए गए दावे के आधार पर पात्र पाए गए हों, के ऑन-लाइन भर्ती आवेदनों के साथ अपलोड किए गए समर्थित दस्तावेजों की संवीक्षा करके, ऑन-लाइन की गई है<br>(ii) संवीक्षा हेतु ऑन-लाइन भर्ती आवेदन (ओआरए) में दावा किए गए अनुभव पर ही अनुभव के रूप में विचार किया गया है और ओआरए के अनुभव कॉलम में इसके संदर्भ के बिना संलग्न प्रमाण-पत्रों पर विचार नहीं किया गया है।<br>(iii) आवेदनों की संवीक्षा पूर्णतया संबंधित पद के भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार की गई है।<br>(iv) उम्मीदवारों द्वारा दावा किए गए कुल अनुभव पर तभी विचार किया गया है, यदि उसके साथ आवश्यक प्रमाण-पत्र संलग्न किए गए है।<br>(v) विज्ञापन में विनिर्दिष्ट संगत क्षेत्रों में धारित अनुभव पर विचार किया गया है।<br>(vi) ऐसे उम्मीदवार जिनके पास संगत अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता नहीं है उन्हें **"एलईक्यू-क"** के रूप में अस्वीकृत कर दिया गया है। तथापि, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री को संगत माना गया है।<br>(vii) यदि अनुभव पद के भर्ती नियमों और विज्ञापन में विनिर्दिष्ट संगत क्षेत्र में नहीं है या परिकलित संगत अनुभव भर्ती नियमों में यथा विनिर्दिष्ट अनिवार्य अवधि से कम है, ऐसे उम्मीदवारों को **"एलईक्यू-ख"** के तहत अस्वीकृत कर दिया गया है। ऐसे आवेदक जो संगत अनुभव का दावा करते हैं लेकिन इसके समर्थन में संलग्न अनुभव प्रमाण-पत्र, किए गए दावे का समर्थन नहीं करते हैं, को **'एलईक्यू-ख'** के रूप में अस्वीकृत किया गया है। शोध अनुभव को संगत नहीं माना गया है।<br>(viii) ऐसे उम्मीदवार जिनके पास अनुभव अपनाए गए मानदंड से कम है, को **'एलईसी' (बढ़ाए गए मानदंड में कमी)** के तहत अस्वीकृत कर दिया गया है।<br>(ix) उम्मीदवार की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड/उपलब्ध करना चाहिए। अतः, ऐसे उम्मीदवारों के आवेदन जिन्होंने अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड/प्रस्तुत नहीं किए है, उन्हें **"अपूर्ण"** के रूप में अस्वीकृत कर दिया गया है। जिन अनुभव प्रमाण पत्रों पर कार्यो की प्रकृति का स्पष्ट उल्लेख नहीं है, और उन पर विचार नहीं किया गया है और **'अपूर्ण'** के रूप में अस्वीकृत कर दिया गया है। इसी प्रकार, जिन आवेदकों ने संगत अनुभव का दावा किया है लेकिन इसके समर्थन में संलग्न अनुभव प्रमाण-पत्र दावा की गई सम्पूर्ण अवधि का नहीं है, उन्हें भी **'अपूर्ण'** के रूप में अस्वीकृत किया गया है।<br>(x) ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने ना तो अंकतालिका और ना ही अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता की डिग्री प्रस्तुत की है, के आवेदनों को भी **"अपूर्ण"** श्रेणी के तहत अस्वीकृत कर दिया गया है। |

श्रेयस
30/04/2024

| | |
|---|---|
| | (xi) अध्यापन अनुभव को संगत नहीं माना गया है।<br>(xii) नियुक्ति पत्रों, कार्यालय आदेशों, पंजीकरण/नामांकन प्रमाण-पत्र, त्याग पत्रों, कार्यमुक्ति आदेशों, वेतन प्रमाण-पत्रों और स्व-रोजगार प्रमाण-पत्र को संगत नहीं माना गया है। ऐसे उम्मीदवारों को **"अपूर्ण"** श्रेणी के तहत अस्वीकृत कर दिया गया है।<br>(xiii) अंशकालिक आधार पर, प्रति घंटे के आवधिक आधार पर दैनिक आधार पर, अप्रेंटिस, प्रशिक्षणार्थी, परामर्शदाता, मानद, स्वैच्छिक, इंटर्नशिप, कैजुअल, स्टाइपेन्ड को संगत नहीं माना गया है। ऐसे उम्मीदवारों को "अपूर्ण" श्रेणी के तहत अस्वीकृत कर दिया गया है।<br>(xiv) प्रशिक्षण की अवधि को तभी संगत माना गया है जब उस अवधि के तुरंत बाद उसी संगठन में संगत अनुभव वाले पद पर बिना किसी सेवा व्यवधान के नियमित नियुक्ति हो।<br>(xv) आयोग के परिपत्र सं.एफ.8/84/2010-भर्ती (समन्वय एवं नीति) दिनांक 23.12.2010 के अनुसार, अनुभव प्रमाण-पत्र विहित प्रपत्र में होने चाहिए। तथापि, आवेदकों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में अनुभव प्रमाण-पत्र जमा नहीं किए जाने पर, उनके अनुभव प्रमाण-पत्र पर तभी विचार किया गया है, यदि अनुभव प्रमाण-पत्र अन्यथा विनिर्दिष्ट अनुभव प्रमाण-पत्र के विवरण को पूरा कर रहा है। उपलब्ध सभी विवरणों को सुनिश्चित करता है।<br>(xvi) कुछ उम्मीदवारों को एक से अधिक श्रेणी के तहत अस्वीकृत किया जा सकता है। उन्हें सर्वाधिक उपयुक्त श्रेणी के तहत अस्वीकृत किया गया है।<br>**नोट:- आयोग द्वारा मानदंडों का निर्धारण, प्रत्येक मामले के आधार पर अलग-अलग किया जाता है।** |

उपर्युक्त पद हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की सूची उनके अनुक्रमांक सहित आयोग की वेबसाइट पथ पर अपलोड कर दी गई है: मुख्य पृष्ठ>>भर्ती>>भर्ती मामलों की स्थिति (विज्ञापन वार)>> आवेदकों की सूची।

<u>संकेतक:</u>

**एलईक्यू-क- अनिवार्य योग्यता-शैक्षणिक (क) में कमी।**
**एलईक्यू-ख- अनिवार्य योग्यता-अनुभव (ख) में कमी।**
**ई सी -अनुभव प्रमाण-पत्र।**
**एन ओ डी - कार्य का स्वरूप।**

30/04/2024
**(ए.एन.मिश्रा)**
**उप सचिव (भ.-IV)**
**फोन नं.:011-23383766**

**उपरोक्त विवरण के अंग्रेजी और हिंदी संस्करण के बीच अंतर के मामले में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।**